हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–25 : जौनपुर, बुधवार 14 सितम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## समस्याओं से पलायन करने वाले खो देते हैं जनविश्वास : सनातन धर्म की महत्वपूर्ण कड़ी है गोरक्षपीठ–सीएम योगी

गोरखपुर ब्यूरो : गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति समाज, राष्ट्र व धर्म की समस्याओं से पलायन की आज्ञा नहीं देती है। समाज, राष्ट्र व धर्म की समस्या को हमें अपनी खुद की समस्या मानना होगा। हमें खुद को हर चुनौती से निरंतर जूझने के लिए तैयार रखना होगा क्योंकि समस्याओं से पलायन करने वाले, उनसे मुंह मोड़ने वाले जनविश्वास खो देते हैं। पलायन करने वालों को वर्तमान और भावी पीढ़ी कभी माफ नहीं करती है। सीएम योगी युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 53वीं तथा राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की 8वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के अंतिम दिन बुधवार (आश्विन कृष्ण चतुर्थी) को महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे थे। श्रद्धांजलि समारोह में अपने भावों को शब्दांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरक्षपीठ के पूज्य आचर्यद्वय ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ ने ने धर्म, समाज और राष्ट्र की समस्याओं से पलायन न करने का आदर्श स्थापित किया। उनके मूल्यों, सामर्थ्य और साधना की सिद्धि का परिणाम आज गोरखपुर के विभिन्न विकल्पों के माध्यम से देखा जा सकता है। उन्होंने गोरक्षपीठ को सिर्फ पूजा पद्धति और साधना स्थली तक सीमित नहीं रखा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवा के विभिन्न आयामों से जोड़कर लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। सीएम योगी ने कहा कि गोरक्षपीठ की परंपरा सनातन धर्म की महत्वपूर्ण कड़ी है। आश्रम पद्धति कैसे संचालित होनी चाहिए, समाज, देश और धर्म के प्रति हमारी क्या जिम्मेदारी होनी चाहिए, इसका मार्गदर्शन इस पीठ ने किया है। ऐसे दौर में जब बहुतायत लोग भौतिकता के पीछे दौड़ते हैं, देशकाल व समाज के अनुरूप कार्यक्रमों से जुड़कर यह पीठ ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ व ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ द्वारा स्थापित आदर्शों को युगानुकूल तरीके से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि जब देश पराधीन था तब यह धार्मिक पीठ सीमित संसाधनों से शिक्षा का अलख जगाने के अभियान से जुड़ती है। पूज्य संतों ने आजादी के आंदोलन को नेतृत्व दिया, उसने भागीदार बने और इस दिशा में गोरक्षपीठ की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। जब धर्म भी पराधीनता के दंश को झेल रहा था तो गोरक्षपीठ खुद को कैसे अलग रख सकती थी। सीएम योगी ने कहा कि आजादी का आंदोलन हो या आजादी मिलने के बाद राष्ट्र निर्माण के अभियान को गति देने की बात, गोरक्षपीठ ने महंत दिग्विजयनाथ व महंत अवेद्यनाथ के नेतृत्व में निरंतर प्रयास किया। वैश्विक मंच पर पड़ रही भारत की प्रतिष्ठा मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण के मार्ग प्रशस्त होने से भारत के लोकतंत्र व न्यायपालिका की ताकत वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित हुई है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन हो या फिर प्रयागराज दिव्य एवं भव्य कुंभ। हमारे सांस्कृतिक विजय के इस अभियान का हिस्सा है। यही नहीं अब भारतीय नस्ल के गोवंश संरक्षण की वकालत वैश्विक मंचों से की जा रही है। अति भौतिकता के पीछे पड़कर अर्जित की गई गंभीर बीमारियों से बचने के लिए प्राकृतिक खेती पर दुनिया जोर दे रही है और प्राकृतिक खेती के लिए भारतीय ही गोवंश आधार होगा। इससे गाय भी बचेगी और मानवता को बीमारियों से मुक्ति भी मिलेगी। कुल मिलाकर वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है और हम सभी को इस पर गौरव की अनुभूति करनी चाहिए। इंसेफलाइटिस से होने वाली मौतें अब शून्य की तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस से होने वाली मासूमों की मौतों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 1977 से 2017 तक प्रतिवर्ष 1200 से 1500 बच्चे इस बीमारी के चलते दम तोड़ देते थे। 40 साल में 50 हजार मौतें हुईं। दम तोड़ने वाले बच्चे इसी समाज की धरोहर थे। 2017 के बाद से सरकार ने स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता



बढ़ाकर,शासन–प्रशासन के साथ जनता के सहयोग से बीमारी का समाधान निकाला। इन सब का परिणाम यह है कि इंसेफलाइटिस से होने वाली मौतें अब शून्य की तरफ हैं। पीएम के पंच प्रणों से जुड़कर भारत को बनाना है दुनिया की महाताकत सीएम योगी ने कहा कि वर्तमान समय में अपना देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। आजादी के शताब्दी वर्ष तक हमारा लक्ष्य भारत को विकसित एवं दुनिया की महाताकत बनाने का होना चाहिए। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हम सभी को विगत स्वाधीनता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए पंच प्रणों से जुड़ना होगा। हमें अपनी विरासत पर गौरव की अनुभूति करनी होगी। विकसित भारत बनाने के लिए अपने अपने कार्य क्षेत्र के कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करना होगा। गुलामी के किसी भी अंग को स्वीकार नहीं करना होगा। हर भारतीय के मन में अभाव होना चाहिए कि अपना देश व धर्म सुरक्षित है। यह प्रसन्नता की बात है कि देश अच्छी दिशा में आगे बढ़ रहा है। ब्रह्मलीन महंतद्वय का व्यक्तित्व एवं कृतित्व प्रेरणादायी अपनी दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ एवं गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की पुण्य स्मृति को नमन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ब्रह्मलीन महंतद्वय का व्यक्तित्व एवं कृतित्व सदैव प्रेरणादायी है। श्रीराम मंदिर आंदोलन का नेतृत्व करने के साथ ही उन्होंने गोरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवा के विभिन्न प्रकल्पों को प्रवाहमान बनाया। सीएम योगी ही कराएंग मथुरा व काशी का पुनरुद्धारः शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती श्रद्धांजलि समारोह में प्रयागराज से पधारे जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने कहा कि गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद जैसे अयोध्या में भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर बन रहा है, उन्हें पूरा विश्वास है कि मथुरा और काशी का पुनरुद्धार भी उन्हीं के नेतृत्व में होगा। उन्होंने कहा कि उनकी इच्छा है कि मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर मंदिर और काशी में भगवान शिव के मंदिर का नवोत्थान शुरू हो तभी वह (वासुदेवानंद सरस्वती) अपने शरीर का परित्याग करें। इस अवसर पर ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ से जुड़े अपने संस्मरण सुनाते हुए शंकराचार्य ने कहा कि महंत जी की सरलता, सहृदयता व सर्वजनप्रियता का बखान कर पाना मुश्किल है। कहा कि वर्ष 1991 में वह गोरखनाथ मंदिर आए थे। एक स्थान पर पूजा करते देख महंत अवेद्यनाथ ने उनसे विशिष्ट स्थान पर पूजा करने का अनुरोध किया। वासुदेवानंद जी द्वारा ठिठोली करते हुए यह कहने पर कि तब तो यहां की गद्दी भी मेरी हो जाएगी, महंत जी ने सहज ही कह दिया, महाराज यह तो आपकी ही है। शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानन्द सरस्वती के पूर्व वशिष्ठ आश्रम अयोध्या से आए पूर्व सांसद डॉ रामविलास वेदांती ने भी अपने संबोधान में कहा कि मथुरा व काशी में भव्य मंदिर का निर्माण भी योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री रहते संभव होगा। उन्होंने योगी आदित्यनाथ को धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए महायोगी गोरखनाथ द्वारा भेजा गया दूत बताता। ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ का स्मरण करते हुए डॉ वेदांती ने कहा कि सभी संतों को एक मंच पर लाने का श्रेय ब्रह्मलीन महंत जी को ही है। उन्होंने राम मंदिर आंदोलन का नेतृत्व उस समय स्वीकार किया जब कांग्रेस सरकार के डर से कोई इसके लिए तैयार नहीं हो रहा था। अपने संबोधन में अलवर के सांसद और रोहतक के अस्थल बोहर पीठ के महंत बालकनाथ ने कहा कि गोरक्षपीठ रामराज्य स्थापना की संकल्प भूमि है और इस पीठ के ब्रह्मलीन महंतद्वय समूची मानवता के प्रेरणा पुंज। श्रद्धांजलि समारोह में दिगम्बर अखाड़ा (अयोध्या) के महंत सुरेश दास, बड़ौदा (गुजरात) से आए महंत गंगादास, कटक (ओडिशा) से आए महंत शिवनाथ व नागपुर, महाराष्ट्र से पधारे स्वामी जितेन्द्रनाथ ने भी विचार व्यक्त किए। इसी क्रम में सांसद रविकिशन शुक्ल, राज्यसभा सदस्य डॉ राधामोहन दास अग्रवाल, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, महापौर सीताराम जायसवाल, गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह, सहजनवा के विधायक प्रदीप शुक्ल, राज्य महिला आयोग की पूर्व उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू चौधरी, व्यापार मंडल से सुरेंद्र सिंह मुन्ना, चौंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष एसके अग्रवाल, सिंधी समाज से लक्ष्मण नारंग ने भी ब्रह्मलीन महंत द्वय के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वागत संबोधन महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो उदय प्रताप सिंह तथा संचालन डॉ श्रीभगवान सिंह ने किया। श्रद्धांजलि समारोह का शुभारंभ ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ एवं ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के चित्रों पर पुष्पांजलि से हुआ। वैदिक मंगलाचरण डॉ रंगनाथ त्रिपाठी, गोरक्ष अष्टक का पाठ गौरव तिवारी व आदित्य पांडेय तथा महंत अवेद्यनाथ स्त्रोत का पाठ डॉ प्रांगेश मिश्र ने किया। सरस्वती वंदना एवं श्रद्धांजलि गीत की प्रस्तुति महाराणा प्रताप बालिका विद्यालय की छात्राओं ने की। इस अवसर पर जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी विश्वेश प्रपन्नाचार्य, स्वामी विद्या चौतन्य, महंत नरहरिनाथ, महंत कमलनाथ, महंत लालनाथ, महंत देवनाथ, महंत राममिलन दास, महंत मिथलेश नाथ, महंत रविंद्रदास, योगी रामनाथ, गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## प्रमुख सचिव द्वारा उमानाथ सिंह स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का किया गया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग उ०प्र० शासन आलोक कुमार द्वारा उमानाथ सिंह स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण एवं कार्यदाई संस्था के अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। मा0 प्रमुख सचिव के द्वारा निर्माण कार्यदायी संस्थाओं व अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्माण कार्य में आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए निणर्य लिया गया कि छोटी–छोटी समस्याओं के कारण निर्माण कार्य में रुकावट नही आने दिया जायेगा। प्रमुख सचिव के द्वारा एकेडिमिक ब्लॉक, प्रशासनिक भवन, अस्पताल भवन व छात्रावास का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि कम से कम 150 बेड का अस्पताल चलाये जाने के लिए तैयारी पूर्ण कर ली जाये। द्वितीय वर्ष के छात्राओं के लिए छात्रावास एवं टाइप फोर के आवास के सम्बन्ध में आवश्यक कार्य पूर्ण कर लिए जाये। इस दौरान प्रमुख सचिव द्वारा निर्देश दिया गया कि मेडिकल कॉलेज में बायोमेट्रिक वेस्ट को चालू करे, फारसिलिंग और अपूर्ण लैब का कार्य जल्द से जल्द तैयार कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि चौथे तल में भी एक लैब तैयार किया जाए। द्वितीय वर्ष की कक्षाओं के से सम्बन्धित समस्त प्रकार की व्यवस्थाएं को नवम्बर तक हर हाल में पूर्ण कर ले अन्यथा की दशा में कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। ओ०पी०डी०



के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि एम०आर०आई०, सी०टी० स्कैन, टैस्टिंग उपकरण सहित सभी प्रकार की तैयारी पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि द्वितीय वर्ष की काउसिंलिग के पूर्व कक्षाओं व लैब व अन्य आधारभूत सुविधाओं की तैयारी पूर्ण कर ले। इस दौरान प्रमुख सचिव द्वारा प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं से मुलाकात करते हुए संवाद भी किया गया। प्रमुख सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रशासनिक ब्लॉक, हॉस्पिटल ब्लॉक का प्रथम तल, हॉस्टल पूर्ण कर लिया जाए और रेजीडेन्सियल एरिया पहुँच मार्ग तक रोड का निर्माण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी, मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत 15 से 30 सितम्बर तक चलने वाले के सम्बन्ध में प्रेस वार्ता संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम के द्वारा आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 15 से 30 सितम्बर 2022 तक चलने वाले आयुष्मान पखवाड़ा के सम्बन्ध में प्रेस वार्ता की गयी। मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में लगभग 32 प्रतिशत ऐसे परिवार शेष बचे हुये हैं जिनके परिवार में एक भी आयुष्मान कार्ड नहीं बना है तथा जनपद में कुल लाभार्थियों का केवल 34 प्रतिशत ही आयुष्मान कार्ड बना है। शासन के निर्देशनुसार 15 से 30 सितम्बर 2022 तक विशेष अभियान चलवाकर ऐसे परिवार जिनमें एक भी कार्ड नहीं बने हैं तथा ऐसे लाभार्थियों के भी कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनवायें जायेगें जिनके परिवार में एक कार्ड बन चुका हैं। मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा बताया गया है कि जनपद में सभी पंचायत भवन व कोटेदार की दुकान कॉमन सर्विस सेंटर पर आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। आयुष्मान कार्ड ग्राम पंचायत सहायक आयुष्मान मित्र, ब्लाक स्तरीय आपरेटर व कॉमन सर्विस सेंटर के वीएलई, निजी चिकित्सालय के आयुष्मान मित्र के माध्यम से निःशुल्क कार्ड बनाया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में जिन परिवारों



में एक कार्ड बन गया हैं उन परिवारों के सभी लाभार्थियों का कार्ड आशा के माध्यम से Face Authentication App के माध्यम से भी बनवाया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में कुल लाभार्थी परिवार की संख्या 313283 है तथा कुल लाभार्थी की संख्या 1411403 है। जनपद में अब तक कुल 471115 आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। जनपद में अब तक योजना से कुल 19424 लाभार्थियों को ईलाज हो चुका हैं, ईलाज पर कुल 22.09 करोड़ रुपये खर्च हुये हैं। जनपद में कुल 47 चिकित्सालय पंजीकृत हैं जिनमें 23 निजी चिकित्सालय तथा 24 सरकारी चिकित्सालय हैं। प्रेस कांफ्रेंस में प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ० राजीव यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत, डॉ० बद्री विशाल पांडेय, जिला कार्यक्रम समन्वयक आयुष्मान भारत, हिमांशु शेखर सिंह, जिला सूचना प्रणाली प्रबन्धक–आयुष्मान भारत, अवनीश कुमार श्रीवास्तव, जिला शिकायत प्रबन्धक उपस्थित रहें।

## अब्दुल्ला आजम की कोर्ट में पेश नहीं होने पर गैर–जमानती वारंट जारी

मुरादाबाद ब्यूरो : छजलैट प्रकरण में अदालत में हाजिर न होने के कारण के कारण अदालत ने सपा विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ गैर–जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी कर दिया है। मंगलवार को इस मुकदमे की सुनवाई एमपी–एमएलए स्पेशल कोर्ट में हुई थी, जिसमें आजम खान और अब्दुल्ला आजम की ओर से स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। इसमें आजम खान के बीमारी की रिपोर्ट बनाने वाले डाक्टर को भी अदालत ने 27 सितंबर को तलब किया है। मायावती शासनकाल के दौरान थाना छजलैट में 29 जनवरी 2008 सपा के पूर्व मंत्री और वर्तमान रामपुर विधायक आजम खान की कार को चेकिंग के लिए रोका गया था, जिसके बाद विवाद बढ़ गया था और आसपास के जनपदों से सपा के नेता मौके पर पहुंचे थे। आरोप लगा था कि इन्होंने आम जनता को उकसा कर सड़क जाम करते हुए बावल किया और सरकारी कार्य मे बाधा उत्पन्न की। इस मुकदमे की सुनवाई जिले की एमपी–एमएलए स्पेशल



कोर्ट स्मिता गोस्वामी की अदालत में की जा रही है। मंगलवार को आरोपियों की ओर से ब्यान दर्ज किए जाने थे लेकिन आजम खान और अब्दुल्ला आजम की ओर से स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। उसे सुनने के बाद अदालत ने आरोपी आजम खान का प्रार्थना पत्र स्वीकर करते हुए उनकी बीमारी की रिपोर्ट देने वाले नोयडा स्थित वेदांता अस्पताल के चिकित्सक को 27 सितंबर को तलब किया और अब्दुल्ला आजम का प्रार्थना पत्र निरस्त कर उनके खिलाफ गैर–जमानती वारंट जारी कर दोनों पिता–पुत्र की पत्रावली प्रथक कर दी गई थीं।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## जेसीआई जौनपुर ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद की अग्रणी संस्था जेसीआई जौनपुर के अध्यक्ष डॉ. संदीप पाण्डेय के नेतृत्व में एवं जेसी सप्ताह चेयरमैन दिलीप सिंह व को चेयरमैन सौरभ बरनवाल के संयुक्त सहयोग से जेसी सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत एक रक्तदान शिविर का



आयोजन संस्था के पूर्व सदस्य स्व. संजीव जायसवाल की पुण्यतिथि पर नगर के प्रकाश डेंटल हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में किया गया। जहां पर आरके हॉस्पिटल ब्लड बैंक की टीम रक्तदान के सभी संसाधनों के साथ उपस्थित रही। इस रक्तदान कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम स्वर्गीय संजीव जायसवाल की प्रतिमा पर उनकी पत्नी ज्योति जायसवाल द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की गई। इस रक्तदान शिविर के कार्यक्रम संयोजक आशुतोष जायसवाल, अजय गुप्ता एवं डॉ. प्रशांत द्विवेदी तथा दिवस प्रभारी पूर्व अध्यक्ष व मंडल अधिकारी धर्मेंद्र सेठ व पूर्व अध्यक्ष विवेक सेठ रहे। रक्तदान के क्रम में 25 यूनिट ब्लड दान दिया गया जिसमें संस्था के आशुतोष जायसवाल, डॉ. प्रशांत द्विवेदी, गौरव सेठ, सनी सेठ, रामकृपाल जायसवाल, सौरभ बरनवाल, शीला द्विवेदी व अन्यलोगों ने अपना रक्तदान किया। संस्था के पूर्व मंडल अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने लोगों को बताया कि रक्तदान बहुत ही अनमोल दान है रक्तदान करने से आप किसी का जीवन बचा सकते है। पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक सेठ ने सभी लोगों को रक्तदान करने की सलाह दी उन्होंने बताया कि जीते जी रक्तदान और मरणोपरांत नेत्रदान जैसा कोई भी दान नहीं है। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष शशांक सिंह, राकेश जायसवाल तथा प्रदीप सिंह, नीरज श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव ,अजय गुप्ता, दिलीप जायसवाल, आरिफ अंसारी, प्रीति जायसवाल, आकांक्षा द्विवेदी, सचिव प्रदीप जायसवाल उपस्थित रहे।

## हिंदी को भारत की राष्ट्रभाषा बनाया जाए – डॉ ब्रजेश कुमार यदुवंशी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए सबको आगे आना होगा क्योंकि बिना अपनी भाषा के कोई भी राष्ट्र गूंगा होता है। उक्त विचार प्रख्यात साहित्यकार डॉ ब्रजेश कुमार यदुवंशी



ने गांधी प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन के बाद व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्र की एकता एवं अखण्डता के लिए हिंदी का राष्ट्रभाषा होना अति आवश्यक है। भारत में लोग भले ही अंग्रेजी बोल नहीं पाते अथवा लिख नहीं पाते हैं बावजूद इसके वे अंग्रेजी का उपयोग करने की कोशिश करते हैं। आज के युग में हम अपनी राष्ट्रीय भाषा को बोलने में शर्म महसूस कर रहे है और हिंदी भाषा के स्थान पर अन्य भाषाओं को महत्व दे रहे है। यह चिंता का विषय है। जब हम हिन्दुस्तान में रहते हुए भी हिंदी का प्रयोग नहीं करेंगे तो क्या अमरीका व अन्य देशों के नागरिक हिंदी का प्रयोग करने के लिए आयेंगे? गांधी प्रतिमा के समक्ष बैठे लोगों के हाथ में तख्तियों पर लिखा था – हिंदी को भारत की राष्ट्रभाषा बनाया जाए।भारत के संविधान से इंडिया नाम हटाया जाए। दुनियॉ में भारत की पहचान है हिंदी। देश की ऊंची शान करें,हम हिंदी में काम करें। हिंदी हमारी ताकत है, हिंदी हमारी विरासत है।द जन–जन को जो मिलाती है, वो भाषा हिंदी कहलाती है। इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से भूतपूर्व सूबेदार मेजर शेख जमालुद्दीन, शैलेन्द्र सिंह, आशीष यादव, आदर्श सिंह, निखिल राय,करन यादव, अभिषेक यादव, विपिन यादव ,आयुष यादव,अमन निषाद, रितेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

**जीवन में मेरा मेरा करके मर जानें से बेहतर है तेरा तेरा करके तैर जाना।**

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## हिंदी दिवस : सांस्कृतिक व भाषायी मानसिकता की अनुगूंज

आजादी के बाद राजकीय भाषा के रूप में हिंदी की घोषणा स्वाभाविक बात थी, हालांकि इसको लेकर संविधान सभा में काफी बहस भी हुई। हिंदी और इसकी बोलियां भारतवर्ष में विद्रोह, आंदोलन की भाषा रही हैं।

अपने देश में हिंदी दिवस, हिंदी सप्ताह और हिंदी पखवाड़ा आजादी मिलने के बाद ही मनाया जाने लगा, इसका उद्देश्य यह स्मरण दिलाना था कि भारतीय गणराज्य की राजकीय भाषा हिंदी है। पहले हिंदी के लिए राष्ट्रभाषा शब्द ज्यादा सुनाई पड़ता था, लेकिन धीरे–धीरे लोगों के दिमाग में यह बात आने लगी कि केवल हिंदी ही राष्ट्रभाषा नहीं है। राष्ट्र की जितनी भी भाषाएं हैं, वे राष्ट्रभाषा हैं। इस पर काफी बहस भी हुई है। इसलिए अब हिंदी को राष्ट्रभाषा से ज्यादा राजकीय भाषा या राजभाषा कहा जाने लगा है। केंद्र या राज्यों के बीच सूचनाओं एवं पत्र–व्यवहार के लिए हिंदी को संपर्क भाषा माना जाता है। इसका व्यावहारिक उपयोग कितना होता है, यह अलग बात है।

आजादी के बाद राजकीय भाषा के रूप में हिंदी की घोषणा स्वाभाविक बात थी, हालांकि इसको लेकर संविधान सभा में काफी बहस भी हुई। हिंदी और इसकी बोलियां भारतवर्ष में विद्रोह, आंदोलन की भाषा रही हैं। इसे आप भक्ति आंदोलन और स्वाधीनता आंदोलन से जोड़ सकते हैं। पहली रचना जो हमारे देश में हिंदी की मिलती है, वह रामानंद की मिलती है, जिनके बारे में कहा जाता है कि वह भक्ति आंदोलन को दक्षिण भारत से उत्तर भारत में ले आए–भक्ति द्रविड़ उपजी लाए रामानंद, प्रकट किया कबीर ने, सात दीप नौ खंड। वह सिर्फ भक्ति आंदोलन ही नहीं लाए, बल्कि यहां की भाषा में उन्होंने अपनी भक्ति का प्रचार किया।

इसी तरह से जब वली दकनी दक्षिण से दिल्ली आए, तो वह अपने साथ अपनी भाषा लेकर आए, जिसे दकनी हिंदी कहा जाता है, जिसे आजकल उर्दू वाले अपनी भाषा मानते हैं, क्योंकि वली दकनी उर्दू के शायर हैं। इसी तरह 1857 का जो स्वतंत्रता आंदोलन था, वह हिंदी और उर्दू में साथ–साथ चला था। बहादुरशाह जफर के नाम से एक शेर प्रसिद्ध है–हिंदियों में बू रहेगी जब तलक ईमान की, तख्ते लंदन तक चलेगी तेग हिंदुस्तान की। यह दिलचस्प है कि भाषा के लिए जो हिंदी शब्द है, वह मुसलमानों का दिया हुआ है। पुरुषोत्तम दास टंडन से पहले भाषा–विशेष के रूप में हिंदी शब्द का इस्तेमाल मीर और गालिब ने किया है। मीर की पंक्ति है– आया नहीं ये लफ्ज–ए हिंदी जुबां के बीच और गालिब ने तो अपनी भाषा को हिंदी ही कहा है। इसलिए जब आप हिंदी की बात करते हैं, तो वस्तुतः उसकी एक आधारभूमि है। ऐसा नहीं हुआ कि आजादी के बाद एकदम से हिंदी संपर्क भाषा या राजभाषा के रूप में थोप दी गई। असल में हमारी जो सांस्कृतिक भाव–भूमि थी या आजादी पाने के लिए हमारी जो मानसिकता थी, उसी का परिणाम था हिंदी को संपर्क भाषा या राजभाषा के रूप में बढ़ावा देना।

जब हमें आजादी मिली, तो वह एक तरह से भारत का गैर–उपनिवेशीकरण था, क्योंकि आजादी अपने–आप में उपनिवेशवाद विरोधी अवधारणा है। हमने जो भारत छोड़ो का नारा दिया था, वह सिर्फ अंग्रेजों के लिए ही नहीं, बल्कि अंग्रेजी और अंग्रेजियत के लिए भी था। और यह काम किस पैमाने पर हुआ था, उसे देखने की जरूरत है। भारतीय गणराज्य का जो प्रतीक वाक्य चुना गया, वह है सत्यमेव जयते। हाउस ऑफ कामन्स के लिए हमारे यहां लोकसभा शब्द बनाया गया, जो ज्यादा स्वाभाविक लगता है। इसी तरह सड़कों–बस्तियों (राजपथ, जनपथ, चाणक्यपुरी, कौटिल्य मार्ग, शांति पथ, सत्य मार्ग, विनय मार्ग) और संस्थाओं के स्वाभाविक से नाम रखे गए थे। यह सब जो हो रहा था, वह केवल भाषायी आंदोलन का परिणाम नहीं था, बल्कि हमारी राजनीतिक और सामाजिक समझ थी। योजनाबद्ध तरीके से देश के विकास का जो सपना था, किसी भी उपनिवेश या साम्राज्यवादी ताकत से अलग रहने की जो हमारी गुटनिरपेक्षता की नीति थी, वह हमारी सांस्कृतिक और भाषायी मानसिकता की अनुगूंज थी।

एक और बात ज्यादा सावधानी से समझने की जरूरत है कि हिंदी का अपना एक वृहत्तर भाषा–क्षेत्र है, जिसे हिंदी हृदय प्रदेश कहा जाता है। इसमें कई राज्य शामिल हैं। आजादी के बाद इन राज्यों ने बिना दबाव के स्वतः स्वयं को हिंदी राज्य घोषित किया था। हिंदी का अखिल भारतीय होना सिर्फ इन्हीं हिंदी प्रदेशों पर निर्भर नहीं है, बल्कि हिंदीतर भाषी राज्यों और क्षेत्रों पर निर्भर है। हमारी जनतांत्रिक मानसिकता की मांग यही है। आजादी के बाद हिंदी का विश्वविद्यालयों, सरकारी संस्थाओं में प्रचार–प्रसार और उपयोग बढ़ा है, अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हिंदी का प्रचार–प्रसार बढ़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रशासनिक हिंदी के शब्द धड़ल्ले से प्रयोग होने लगे हैं, जैसे– पंचायत, पंजीकरण आदि। विदेशों में भी जो हिंदी का प्रचार–प्रसार हुआ है, उसका आधार मजदूर वर्ग है।


औपनिवेशिक शासन के दौरान हमारे यहां से जो गिरमिटिया मजदूर ले जाए गए थे, वे अपने साथ रामचरित मानस, कबीरदास, रैदास आदि का साहित्य भी ले गए थे। यही वजह है कि आज फिजी, मॉरीशस, सूरीनाम, ट्रिनिडाड, और अन्य कैरिबियाई देशों में हिंदी प्रचलित है। लेकिन दुखद है कि इन सबके बावजूद देश में अंग्रेजी का वर्चस्व अब भी कायम है। अंग्रेजी का प्रभाव इस हद तक बढ़ रहा है कि हमारे बच्चे अब ग्यारह, बारह, छियासठ, सड़सठ नहीं समझते हैं, बल्कि अंग्रेजी के अंकों को ही समझते और बोलते हैं। ऐसा केवल अंकों के मामले में नहीं है, बल्कि जीवन–शैली, पोशाक आदि विभिन्न मामलों में है। इसका मूल कारण है कि अंग्रेजी अंतरराष्ट्रीय बाजार की भाषा है, जो अंग्रेजियत की मानसिकता को बढ़ावा देती है। हमारे यहां यह मानसिकता अपसंस्कृति का कारण बन रही है।

हालांकि बाजार ने अन्य भारतीय भाषाओं की तुलना में हिंदी को काफी बढ़ावा दिया है, लेकिन भाषा जब अवसरवाद से जुड़ जाती है, विवेकहीन हो जाती है, तो वह भाषा का विकास नहीं करती। यह मत भूलिए कि हिंदी आंदोलनों और विद्रोह के अलावा दरबार की भाषा भी रही है। भाषा का विकास जोखिम उठाकर ही हो सकता है। अन्य भारतीय भाषाओं पर हिंदी का वर्चस्व भी ठीक नहीं है। अंग्रेजियत की मानसिकता हमारी स्वाधीन मनोवृत्ति को क्षति पहुंचा रही है और अपसंस्कृति का प्रसार करती है, जो हिंदी भाषा को भी नुकसान पहुंचा रही है। हिंदी का विकास हमारे देश के आर्थिक विकास और अन्य भारतीय भाषाओं के विकास के साथ ही जुड़ा हुआ है। बेशक अन्य भारतीय भाषाओं की तुलना में हिंदी में रोजगार के अवसर बढ़े हैं, लेकिन अंग्रेजी की तुलना में नहीं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## कांग्रेस को बेनकाब करती उसकी भारत जोड़ो यात्रा – मृत्युंजय दीक्षित (विश्व संवाद केन्द्र के समीक्षक)

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) स्वयं को पुर्नजीवित करने के लिए कांग्रेस अपने नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में कश्मीर से कन्याकुमारी तक 145 दिन की यात्रा पर निकली है और इसे नाम दिया है, भारत जोड़ो यात्रा । विडम्बना यहीं से प्रारंभ होती है दृ उद्देश्य है दिन प्रतिदिन बिखरती कांग्रेस को कुछ संजीवनी देना और इसी बहाने एक बार फिर राहुल को लांच करना और नाम है भारत जोड़ो जबकि होना चाहिए था कांग्रेस जोड़ो। "कांग्रेस को भारत से जोड़ो" नारा होता तो भी बात बन जाती । कांग्रेस पार्टी की यह यात्रा कहाँ, क्या और कितना जोड़ पाएगी यह तो समय बतायेगा लेकिन पिछले पांच दिनों में इस यात्रा ने कांग्रेस का असली चरित्र अवश्य बेनकाब किया है। राहुल गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस पूरी तरह एक हिंदू और सनातन संस्कृति विरोधी पार्टी बन चुकी है इसमें टुकड़े– टुकड़े गैंग तथा हम लेकर रहेंगे आजादी के नारे लगाने वाले लोगों की भर्ती हो चुकी है। आन्दोलन जीवी भी इसमें स्थान पा रहे हैं ।राहुल गांधी इस यात्रा के माध्यम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को समाप्त करने का दिवास्वप्न भी देख रहे हैं । भारत जोड़ो का नारा देकर यात्रा पर निकले राहुल गांधी की कांग्रेस टवीट करके संघ को 145 दिन में जलाकर भस्म करने की भविष्यवाणी कर रही है। राहुल गांधी संभवतः यह भूल गए हैं कि स्वर्गीय जवाहर लाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी सहित तमाम सेकुलर नेता संघ को समाप्त करने का सपना देखते रहे किंतु स्वयंसेवकों की कड़ी मेहनत और राष्ट्रवादी विचारधारा के बल पर संघ आज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है जो राहुल गांधी की 145 दिन की यात्रा के समापन के बाद भी वैसे ही खड़ा रहेगा । संघ–भाजपा और कांग्रेस के बीच विवाद उस समय गहरा गया जब भारत जोड़ो यात्रा के पांचवें दिन कांग्रेस ने एक फोटो टवीट किया और लिखा," भारत को नफरत की जंजीरों से मुक्त कराने और भाजपा संघ द्वारा किये गये नुकसान की भरपाई के लिए हम एक एक कदम आगे बढ़ रहे हैं। आगे लिखा, "145 दिन और" साथ लगाए गए फोटो में संघ के गणवेष में आग लगी हुई है और उसमें से धुआं उठ रहा है। यद्यपि अब निकर संघ का गणवेश नहीं रहा किन्तु कांग्रेस की मंशा स्पष्ट हो गयी है । राहुल गांधी के केरल में प्रवेश करते ही कांग्रेस ने संघ पर आपत्तिजनक टवीट किया है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इसके माध्यम से राहुल और कांग्रेस केरल के कट्टरपंथी मुसलमानों को खुश करना चाहते हैं। दरअसल ऐसा करके राहुल नेहरु जी के पदचिन्हों का ही अनुसरण कर रहे हैं । नेहरू जी ने भी आजादी के ठीक बाद दक्षिण भारत में संघ को दबाने और मुस्लिम लीग को आगे बढ़ाने का काम किया था। नेहरू ने तत्कालीन मद्रास प्रांत जिसमें वर्तमान तमिलनाडु, आंध्र, कर्नाटक और केरल आता था की सरकार पर ये दबाव बनाया था कि वो संघ पर प्रतिबंध लगाये वहीं दूसरी तरफ मुस्लिम लीग को खुली छूट दी जाए। आजादी के ठीक छह महीने बाद से ही नेहरू जी ने संघ को समाप्त करने के षड्यंत्र करने प्रारंभ कर दिए थे । आज उन्हीं के परनाती राहुल गांधी 145 दिन बाद संघ को समाप्त करने का सपना देख रहे हैं । राहुल गांधी की कांग्रेस ने जिस प्रकार से खाकी निकर पर आग लगाई है वैसी आग तो कांग्रेस वास्तव में लगाती रही है जिसमें 1984 के सिख दंगो से लेकर, बिहार का भागलपुर दंगा, उप्र का मेरठ दंगा सहित तमाम ऐसे उदाहरण भरे पड़े हैं जिनसे पता चलता है कि यह



कांग्रेस कितनी अधिक नफरतों से भरी पड़ी हुई है। देश में नफरत का जो भी बचा खुचा व्यापार है वह पूरा का पूरा कांग्रेस के गांधी परिवार के नेतृत्व में ही चल रहा है जिसमें सिर तन से जुदा अभियान भी शामिल है । इसके पूर्व इसी यात्रा के दौरान राहुल गांधी तमिलनाडु में कन्याकुमारी में एक ऐसे ईसाई पादरी जार्ज पोन्नैया से मुलाकात करते हैं जो हिंदू देवी देवताओं का अपमान करता रहता है। दोनों की मुलाकात का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें ईसाई पादरी जार्ज पोन्नैया ईसा मसीह को सच्चा भगवान बताते हुए मां शक्ति समेत अन्य सभी देवताओं को निम्नस्तर का बता रहा है और चुनावों के दौरान मंदिर– मंदिर जाने वाले, स्वयं को दत्तात्रेय गोत्र का जनेयूऊ धारी पंडित बताने वाले राहुल गांधी उसके अपलाप को बड़े ध्यानसे सुन रहे हैं। इस वीडियो के वायरल होने के बाद भाजपा व संत समाज का हमलावर होना स्वाभाविक था। संतो की सबसे बड़ी संस्था अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने पादरी द्वारा सनातन धर्म को लेकर की गई टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए संस्था के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने कहा कि राहुल गांधी नें पादरी के बयान की निंदा नहीं कि यह कष्टकारी है। वह जन्मजात ईसाई हैं, उनके अंदर हिंदुत्व नही है अन्यथा वह इसका विरोध करते। हिंदू समाज उन्हें सबक सिखाएगा। यीशु सनातन धर्मावलंबियों के ईश्वर नहीं हो सकते। ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है कि कांग्रेस नेताओ ने हिंदुओं की भावनाओं को आहत किया है। गांधी परिवार कई बार भगवान राम सहित हिंदू देवताओं का सबूत मांग चुका है। यह वही गांधी परिवार व कांग्रेस के नेता हैं जो रामायण व महाभारत को केवल एक साधारण महाकाव्य ही मानते हैं। यह वहीं कांग्रेस के नेता हैं जिनके मार्गदर्शन में मां काली का अपमान किया जाता है , यह वही कांग्रेस के लोग हैं जिनके मार्गदर्शन में दिवंगत मकबूल फिदा हुसैन जैसे लोग हिंदू देवी –देवताओं की नंगी तस्वीरें बनाकर व प्रदर्शनी लगवाकर उनका अपमान करते रहते हैं। यह वही राहुल गांधी हैं जिन्होंने अभी हाल ही में हिंदू बनाम हिन्दुत्व पर बहस छेड़कर हिंदू समाज को खंड– खंड करने की घृणित साजिश रची थी। राहुल गांधी ने जिस ईसाई पादरी से मुलाकात करी है वह पहले भी हिंदू धर्म के खिलाफ नफरती बयान देता आया है। यह पादरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित षाह के खिलाफ भी जहरीली बयानबाजी कर चुका है। भारत जोड़ो यात्रा के रूट पर विहंगम दृष्टि डालें तो पता चल जायेगा कि कांग्रेस के असली मंसूबे क्या हैं। राहुल गांधी की यह यात्रा पूरी तरह तुष्टिकरण के लिए है क्योंकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी 20 लोकसभा सीटों वाले राज्य केरल में तो 18 दिन रहेंगे लेकिन 80 सीटों वाले राज्य उत्तर प्रदेश में सिर्फ चार दिनों की यात्रा करेंगे और सबसे बड़ी बात यह है कि उनकी यात्रा में हिंदू आस्था के सबसे बड़े केंद्र अयोध्या, मथुरा और काशी शामिल नहीं हैं। स्पष्ट है कि अयोध्या में भगवान श्री राम का जो भव्य मंदिर बन रहा है तथा मथुरा और काशी जो नई अंगड़ाई ले रहे हैं वह कांग्रेस को रास नहीं आ रहा है। गांधी परिवार व कांग्रेस में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, हिंदू समाज, सनातन संस्कृति के विरुद्ध घृणा कूट कूट कर भरी हुई है इनका मंदिर –मंदिर जाना भी एक बड़ा धोखा व झूठ ही है। कांग्रेस की यह यात्रा बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ आक्रोष रैली के साथ शुरू हुई थी और आग लगाने पर सिमट रही है । वास्तव में कांग्रेस की यह यात्रा भारत जोड़ो नहीं वरन विवाद बटोरो यात्रा बनती जा रही है।

## दो करोड़ की ठगी में गिरफ्तार चारों आरोपियों की संपत्ति खंगाल रही कमिश्नरेट पुलिस : होगी जब्त

वाराणसी ब्यूरो : मलदहिया स्थित रेशम फर्म कंपनी के मैनेजर से दो करोड़ की ठगी में गिरफ्तार अंतरराज्यीय ठग गिरोह के चारों आरोपियों पर वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। जिला जेल चौकाघाट में बंद गिरोह के मास्टरमाइंड पंकज भारद्वाज समेत चारों आरोपियों की संपत्ति जब्त करने की तैयारी चल रही है। चेतगंज थाने में दर्ज गैंगस्टर मुकदमे के तहत पुलिस ने संपत्ति का ब्यौरा जुटाना शुरू किया है। पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश ने बताया कि वाराणसी जिला जेल में बंद चारों बदमाशों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज होने के बाद इनकी संपत्तियों का आकलन किया जा रहा है। अंतरराज्यीय ठग गिरोह ने 20 अप्रैल को चेतगंज थाना के पिशाचमोचन में जीएसटी में छूट दिलाने के नाम पर रेशम कंपनी के प्रबंधक से दो करोड़ रुपये ठग लिए थे। मास्टरमाइंड अजमेर नगर निगम का निलंबित बाबू सचिन शर्मा, हिसार हरियाणा का पंकज भारद्वाज, नई दिल्ली का तरुण गौतम और रोहन खिंची सभी चौकाघाट जिला जेल में निरुद्ध हैं।कमिश्नरेट पुलिस ने चार आरोपियों को मुंबई और गाजियाबाद से दबोचा था। ठगी के एक करोड़ 87 लाख रुपये भी बरामद किए गए थे। इस गिरोह ने वाराणसी समेत अन्य राज्यों में भी कई लोगों से करोड़ों की ठगी की है। पिछले दो–तीन साल से यह गिरोह मुंबई,




नई दिल्ली और यूपी के विभिन्न शहरों में लोगों को अपना शिकार बना रहा था। इन शातिरों पर दिल्ली पुलिस के भी कई वारंट लंबित हैं। बीते 20 अप्रैल को वाराणसी के मलदहिया स्थित रेशम फर्म कंपनी के प्रबंधक अंकित शुक्ला ने चेतगंज थाने में ठगी का मुकदमा दर्ज कराया था। ठगों में से रोहन, पंकज और तरुण को मुंबई स्थित होटल ट्राइडेंट से गिरफ्तार किया। वहीं सचिन को गाजियाबाद के कौशांबी बस स्टैंड से दबोचा गया। सचिन के पास से ही एक करोड़ 87 लाख नकद बरामद हुए थे।

## सभी त्योहार,मेला पूरे सौहार्द मेल मिलाप के साथ मनाएंः धीरेन्द्र श्रीवास्तव

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शाहाबाद कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने समाज सेवी एवं सम्भ्रात लोगों से कहा कि सभी पर्व व त्यौहार को उत्साह, एकता, आपसी भाईचारे एवं क्षेत्र की गंगा जमुनी तहजीब व शान्ति के साथ मनायें। उन्होने कहा कि त्यौहारों पर क्षेत्र में शान्ति बनाये रखने हेतु अपने गांव तथा मोहल्लों में आने वाले प्रत्येक बाहरी व्यक्ति के बारे में जानकारी रखें और संदिग्ध व्यक्ति मालूम होने पर तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को सूचना दें। उप जिलाधिकारी ने कहा कि सभी त्यौहारों पर प्रशासन एवं पुलिस द्वारा शान्ति व्यवस्था पर पूरी नजर रहेगी। पुलिस उपाधीक्षक हेमंत उपाध्याय ने कहा कि किसी तरह की अफवाह फैलाने एवं शान्ति भंग करने का प्रयास करने वाले लोगों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी ।कहा कि त्यौहार उत्साह, एकता, आपसी भाईचारे एवं गंगा जमुनी तहजीब व शान्ति से मनायें ।अफवाह फैलाने व शान्ति भंग का प्रयास करने वाले लोगों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्र ने कहा कि दुर्गा पूजा, रामलीला एवं चेहल्लुम शांतिपूर्वक मनाएं ।इस अवसर पर पालिका सदस्य सलमान, रामलीला कमेटी के महामंत्री मधुप मिश्र एवं दुर्गा पूजन समिति के पंकज मिश्रा मानू ने कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की ।इस अवसर



पर ग्रा प ए अध्यक्ष अम्बरीष कुमार सक्सेना, भाजपा के राजेन्द्र प्रसाद मिश्र,पालिका सभासद डॉक्टर आशीष अवस्थी,अखिलेश त्रिपाठी,राम चन्द्र गुप्ता,प्रेम चन्द्र गुप्ता, बसंत गुप्ता,नसीम अहमद,मौलाना मकसूद अली सहित बड़ी संख्या में सभ्रांत जन मौजूद रहे।

## एशिया टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता 2022 एक नजर

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। खेल शिक्षक डॉक्टर आलोक कुमार द्विवेदी ने बताया कि दुबई और शारजाह में 27 अगस्त से 11 सितंबर 2022 को आयोजित एशिया ज20 क्रिकेट प्रतियोगिता में एशिया की छह शीर्ष टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में श्रीलंका की टीम ने पाकिस्तान को फाइनल में हराकर भारी उलटफेर कर छठी बार विजेता बना। इस प्रतियोगिता में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान तथा क्वालीफाई करके आई हांगकांग की टीम थी। इस प्रतियोगिता का पहला मैच दुबई में अफगानिस्तान और श्रीलंका के बीच खेला गया जिसमें तेज गेंदबाज फारुकी की मदद से अफगानिस्तान ने श्रीलंका को 8 विकेट से हराया और प्रारंभ में अफगानिस्तान ने भारी उलटफेर किया। 29 अगस्त को भारत और पाकिस्तान का मैच दुबई में खेला गया जिसमें बल्लेबाजी में हार्दिक पांड्या तथा गेंदबाजी में भुवनेश्वर, अर्शदीप तथा आवेश की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने पाकिस्तान को हराकर भारतीय खेल प्रेमियों को राष्ट्रीय खेल दिवस पर शानदार तोहफा दिया। लीग का अगला मैच अफगानिस्तान और बांग्लादेश के बीच शारजाह खेला गया इस मैच में अफगानिस्तान ने बांग्लादेश स्कोर 7 विकेट से हराकर सुपर 4 में जगह बनाई। इसी क्रम में शारजाह में अगला मैच पाकिस्तान और हांगकांग के मध्य हुआ जिसमें पाकिस्तान ने हांगकांग को 155 रन से हराकर ज20 में सबसे बड़ी जीत हासिल की। इस मैच में हांगकांग ने 38 रन बनाए इस मैच में पाकिस्तान के ओपनर रिजवान ने 57 गेंदों पर 78 रन की नाबाद पारी खेली। अगला मैच दुबई में बांग्लादेश और श्रीलंका के मध्य खेला गया इस मैच में करो या मरो की स्थिति थी बांग्लादेश ने पहले खेलते हुए 183 रन बनाए जिसको श्रीलंका ने रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से हराकर यह मैच जीत लिया और सुपर 4 जगह बनाई। अगला मैच दुबई में हॉन्ग कोंग और भारत के मध्य खेला गया जिसमें भारत के बल्लेबाज सूर्य कुमार ने 26 गेंदों पर 68 रन बनाए और यह प्रतियोगिता भारत ने



40 रन से जीत ली। शाहजहां में खेले गए एक मैच में जो अफगानिस्तान और श्रीलंका के बीच खेला गया इस मैच में अफगानिस्तान ने 174 रन का लक्ष्य दिया जिसको 4 विकेट से जीत लिया। दुबई में खेले गए एक महत्वपूर्ण मैच जो भारत पाकिस्तान के मध्य हुआ जिसमें भारत ने विराट कोहली के 32 वे अर्धशतक की बदौलत 182 रन का लक्ष्य दिया जिसको पाकिस्तान ने 5 विकेट खोकर यह लक्ष्य प्राप्त किया और भारत को इस प्रतियोगिता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। अगला मैच भारत और श्रीलंका के बीच दुबई में खेला गया जिसमें भारत ने पहले खेलते हुए 174 रन की चुनौती दी जिसमें कप्तान रोहित शर्मा का अर्धशतक और सूर्य कुमार के साथ 97 रन की साझेदारी थी परंतु इस रोमांचक मैच में श्रीलंका ने 4 गेंद रहते हुए यह मैच 6 विकेट से जीत लिया। एक अन्य मैच शारजाह में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के मध्य खेला गया जिसमें अफगानिस्तान ने पहले खेलते हुए 129 रन बनाए जिसको पाकिस्तान ने 1 विकेट से जीता । भारत में दुबई में अगला मैच अफगानिस्तान के साथ खेला जिसमें विराट कोहली का शानदार शतक था जिसकी बदौलत भारत ने पहले खेलते हुए 212 रन बनाए और अफगानिस्तान की टीम को 121 रन पर समेट लिया और यह मैच 101 रन से जीत लिया। सुपर चार का अंतिम मैच श्रीलंका और पाकिस्तान के मध्य दुबई में खेला गया जिसमें श्रीलंका ने पाकिस्तान को 18 गेंद शेष रहते 5 विकेट से हरा दिया। इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच श्रीलंका और पाकिस्तान के मध्य दुबई में खेला गया जिसमें श्रीलंका के राजपक्षे ने 71 रन की पारी खेलकर पाकिस्तान के सामने 171 रन की चुनौती रखी परंतु पाकिस्तान यह मैच 23 रन से हार गया और श्रीलंका छठवीं बार एशिया ज20 क्रिकेट प्रतियोगिता 2022 का विजेता बना।

## ईको गार्डेन में सपा विधायक व कार्यकताओं का धरना समाप्त

लखनऊ ब्यूरो : समाजवादी पार्टी ने लखनऊ के ईको गार्डेन में चल रहा धरना समाप्त कर दिया है। विधायक मनोज पांडेय के नेतृत्व में धरना चल रहा था। सपा विधायक व कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर ईको गार्डेन लाया गया था। ये सभी सपा कार्यालय से निकलकर विधानभवन में प्रदर्शन करने जा रहे थे। धरना करने वालों में कुछ विधायक और पूर्व एमएलसी शामिल थे। सभी पार्टी कार्यालय वापस लौट आए हैं। बुधवार सुबह समाजवादी पार्टी की ओर से विधानभवन में धरना देने का एलान करने के बाद सपा विधायकों को नजरबंद कर दिया गया था। उनके आवास पर सुबह से ही पुलिस फोर्स लगा दी गई। विधायक रविदास मल्होत्रा ने बताया कि सुबह 5.00 बजे ही उनके आवास पर पुलिस आ गई। उन्हें मॉर्निंग वॉक पर भी नहीं जाने दिया। लखनऊ में सपा कार्यालय व विधानभवन के बाहर बड़ी संख्या में पुलिसफोर्स तैनात कर दी गई है। दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी ने भी ट्वीट कर विधायकों के आवास पर पुलिस फोर्स लगाए जाने की घटना की निंदा की है। सपा ने विधान भवन स्थित पूर्व प्रधानमंत्री



चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष सपा कार्यकर्ताओं पर दर्ज कराए जा रहे फर्जी मुकदमों, किसानों की समस्याओं और महंगाई को लेकर धरना का एलान किया था। सपा ने 14 से 18 सितंबर तक धरना करने की घोषणा की थी। सपा विधायक रविदास मल्होत्रा ने कहा कि सपा ने विधानभवन में धरना करने की घोषणा की थी पर सरकार हमारी आवाज को दबाने के लिए पुलिस का इस्तेमाल कर रही है। पुलिसकर्मी बीती रात से ही मेरे घर के बाहर तैनात हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें मीडिया से बात करने से भी रोका गया। उधर, धरना के लिए विधानभवन पहुंचे सपा विधायकों को वापस कर दिया गया है और धरनास्थल चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के पास पुलिसकर्मी तैनात है।

# जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत बैठक संपन्न


जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 15 सितंबर 2022 से 30 सितंबर 2022 तक चलने वाले पखवाड़ा के संबंध में बैठक की गई। जिलाधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी सीलम साईं तेजा सीलम की अध्यक्षता में एक टास्क फोर्स का गठन किया गया। जिलाधिकारी ने सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पखवाड़ा में सभी ग्राम पंचायत भवन, कॉमन सर्विस सेंटर के वीएलई, आशा, कम्प्यूटर आपरेटर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं। सभी ग्राम पंचायत में एक सूची चस्पा कर दी जाये जिससे सभी लाभार्थी अपने पात्रता के संबंध में जानकारी प्राप्त कर अपना कार्ड बनवा लें। 15 सितंबर से पखवाड़ा चलाकर सभी लाभार्थियों का शत–प्रतिशत कार्ड बनवाए जाने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत जिन



परिवारों में एक कार्ड बन गए हैं उन परिवारों के सभी लाभार्थियों का आशा के माध्यम से शत–प्रतिशत कार्ड बनवाए जाएं। पखवाड़ा में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, अंत्योदय लाभार्थियों, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों का शत–प्रतिशत कार्ड बनवाए जाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, डा0 राजीव यादव, डा0 नरेन्द्र सिंह, डीपीआरओ संतोष कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शिराज–ए–हिन्द जौनपुर का ऐतिहासिक चेहल्लुम 16 एवं 17 सितंबर को

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शिराजे हिंद जौनपुर का ऐतिहासिक चेहल्लुम जो हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के द्वारा अपने परिवार एवं मित्रों के साथ दी गई शहादत की याद में सैकड़ों वर्षो से अपनी सभ्य परंपराओं के अनुरूप इमामबाड़ा शेख मोहम्मद इस्लाम मरहूम बाजार हुआ पानदरीबा रोड पर मनाया जाता है । इस वर्ष के अनुसार 16 एवं 17 सितंबर को अपने पारंपरिक तरीके से मनाया जाएगा । इस ऐतिहासिक चेहल्लुम को देश के क्षितिज पर एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है । जिसके कारण इसे मनाने के लिए देश के कोने–कोने से सभी संप्रदाय के श्रद्धालु हजारों की संख्या में यहां उपस्थित होकर हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम को अपना श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं । कार्यक्रम का आरंभ 16 सितंबर को रात्रि 8 बजे इमाम चौक इस्लाम मरहूम पर ताजिया रखने से होगा तत्पश्चात शब्बेदारी के आयोजन में मजलिस होगी, मजलिस की समाप्ति पर जौनपुर नगर एवं बाहर से आई अंजुमनो का नौहा मातम अनवरत रूप से रात भर चलता रहेगा । प्रातः 5 बजे एक मजलिस होगी जिसके बाद आग में दहकती जंजीरों का मातम अंजुमन गुलशन इस्लाम रजिस्टर्ड करेगी , इस कार्यक्रम का संचालन सैयद अकबर हुसैन जैदी एडवोकेट करेंगे । दूसरे दिन 17 सितंबर को कार्यक्रम का आरंभ 1 बजे दिन में मजलिस से होगा जिसको मौलाना सैयद नदीम जैदी फैजाबादी खिताब करेंगे , मजलिस की समाप्ति पर इमामबाड़े से एक ऐतिहासिक चमत्कारी तुरबत निकाली जाएगी जो ताजिए के साथ एक जुलूस के रूप में अपने निर्धारित रास्ते पानदरीबा रोड, हमाम दरवाजा, काजी की गली, पुरानी बाजार होता हुआ सदर इमामबाड़ा जौनपुर पर समाप्त होगा , इस कार्यक्रम का संचालन सैय्यद कबीर हसन जैदी करेंगे । हाजी सैयद असगर हुसैन जैदी मुत्व्वल्ली इमामबाड़ा इस्लाम मरहूम एवं सैयद लाडले जैदी



कार्यकारी मुत्व्वल्ली ने बताया कि कार्यक्रम के संबंध में शासन एवं प्रशासन के अधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर पत्रों के माध्यम से अवगत कराया जा चुका श्री जैदी ने सभी संप्रदाय के लोगों से चेहल्लुम में शिरकत की अपील किया है ।

# गांधी स्मारक पीजी कॉलेज समोधपुर जौनपुर में मनाया गया हिंदी दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गांधी स्मारक पीजी कॉलेज समोधपुर, जौनपुर में दिनांक 14 सितम्बर को हिंदी दिवस मनाया गया । इस अवसर पर डॉ रमेश चंद्र सिंह ने बताया कि 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने यह निर्णय लिया कि हिन्दी संघ सरकार की आधिकारिक भाषा होगी। तब पं. जवाहर लाल नेहरू ने 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का आह्वान किया । इसके पश्चात वर्ष 1953 से 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है । डॉ अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में हिंदी माध्यम के विद्यार्थी बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं । लोक सेवा आयोग एवं अन्य परीक्षाओं में भी अपना परचम लहरा रहे हैं । डॉ नीलू सिंह ने बताया कि हिंदी आत्मा और संस्कार की भाषा है, संवेदना की भाषा है, जीने की भाषा है, संस्कृति की भाषा है, समाज को जोड़ने की भाषा है, मातृ भाषा है । हिंदी भाषा के बिना भारत और भारतीयता अधूरी है । विभागाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया वर्तमान समय में किसी भाषा या बोली को जीवित रखने के लिए विज्ञान, रोजगार और व्यवसाय बनाने की आवश्यकता है । श्री विष्णुकांत त्रिपाठी और विकास कुमार यादव ने विचार व्यक्त किए । अंत मे जितेंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया ।

# हिंदी की खुशबू विदेशों में भीः प्रो. निर्मला एस मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में बुधवार को हिंदी दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया. विश्वविद्यालय २० सितम्बर तक राष्ट्रीय हिंदी सप्ताह समारोह का मना रहा है. इसमें विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। हिंदी दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में कुलपति प्रो निर्मला एस मौर्य ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है. इस भाषा की खुशबू आज पूरे विश्व में फैल रही है. देश ही नहीं विश्व के तमाम देशों में हिंदी बोलने वालों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है. उन्होंने कहा कि अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में हिंदी भाषा की पढ़ाई हो रही है. उन्होंने अपनी विदेश यात्राओं के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि विदेश में अगर कोई हिंदी में बात करें तो और गर्व होता है। विशिष्ट अतिथि टीडी कॉलेज जौनपुर की प्रो. वंदना दूबे ने कहा कि हिंदी जनमानस की भाषा है। यह इतनी समृद्ध है कि हर भाषा को स्वीकार कर उदारता का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि अनुवाद के कारण हिंदी साहित्य निरंतर समृद्ध हो रही है. हिंदी के साहित्य जहां दूसरी भाषा में अनुदित हो रहे है वही दूसरी भाषा के साहित्य हिंदी में उपलब्ध हो रहे है. विभिन्न भाषाओं के विद्वानों को मिलकर काम करना होगा। विश्वविद्यालय के



शिक्षक प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो. रवि प्रकाश, डॉ. मनोज मिश्र एवं डॉ. रसिकेश ने काव्य पाठ किया. इसके साथ ही नीतीश दूबे, सुमित सिंह एवं विवेक पाण्डेय ने प्रस्तुति दी. वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, कुलसचिव महेंद्र कुमार ने विचार व्यक्त किये. अतिथियों का स्वागत संयोजक डॉ. आलोक गुप्ता, संचालन डॉ दिग्विजय सिंह राठौर एवं धन्यवाद् ज्ञापन डॉ. सुनील कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रो अजय द्विवेदी, प्रो देव राज, प्रो बीडी शर्मा, प्रो रजनीश भास्कर, प्रो राम नारायण, डॉ विनय वर्मा, प्रो नूपुर तिवारी, डॉ जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ गिरिधर मिश्र, डॉ अवध बिहारी सिंह, डॉ मनोज पाण्डेय, अमृत लाल, बबिता सिंह, डॉ विद्युत् मल समेत शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# 18 से 23 सितंबर तक चलाया जाएगा सघन पल्स पोलियो का महाअभियान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 18 सितंबर 2022 से 23 सितंबर 2022 तक सघन पल्स पोलियो का महा अभियान चलाया जाएगा, जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक की गई। इस कार्यक्रम के लिए जनपद में 1892 बूथ बनाए गए हैं। यह बूथ सभी प्राथमिक पाठशाला पर लगाए जाएंगे। जनपद में 0–5 वर्ष तक के कुल 637101 बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान 5 दिनों तक पोलियो टीम कुल 743204 घरों पर जाकर शेष बच्चों को घर–घर दवा पिलाई जाएगी, इसके लिए कुल 1968 टीम लगाई गई हैं। जिलाधिकारी द्वारा सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस दौरान 0–5 वर्ष के मध्य का कोई बच्चा पोलियों ड्राप से वंचित न हो पाए, जिससे जनपद पोलियों मुक्त हो। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, डा0 राजीव यादव, डा0 नरेन्द्र सिंह, डीपीआरओ संतोष कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा डायल–112 कर्मचारियों के साथ की गई गोष्ठी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : डा0 संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने बहुउद्देशीय हाल पुलिस लाइन जौनपुर में डायल–112 के



कर्मचारियों के साथ गोष्ठी की गई। इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों को इवेन्ट रिस्पांस टाइम कम करने व अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

# अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने पुलिस कार्यालय का किया अर्धवार्षिक निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : डा0 संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय जौनपुर का निरीक्षण किया



गया। निरीक्षण के क्रम में शिकायत प्रकोष्ट, डीसीआरबी, विशेष जांच प्रकोष्ठ, प्रधान लिपिक कार्यालय, रिट सेल, आंकिक शाखा में अभिलेखों के रखरखाव व शाखा प्रभारी/ कर्मचारियों से कार्यों की जानकारी लेते हुए लम्बित कार्य को तत्काल पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ कर्मचारियों को चेतावनी दी गई व उनको स्पष्टीकरण जारी किया गया। प्रधान लिपिक कार्यालय में अभिलेखों के रखरखाव की प्रशंशा करते हुए प्रधान लिपिक श्री सतीश सिंह को पुरस्कृत किया गया।

# 4 हिस्ट्रीशीटर की खोली गई हिस्ट्रीशीट

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर की अभ्यस्त अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई, 04 अपराधियों की खोली गई हिस्ट्रीशीट। श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में जनपद में घटित अपराधों के अनावरण, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पूर्व में जनपद के पेशेवर अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी हेतु उनकी हिस्ट्रीशीट खोली जा चुकी है, जिससे इन अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके, आज पुनः जनपद के 04 शातिर अपराधियों, जिसमें, गो तस्करों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोली गई है। जिनका विवरण निम्नवत है– 1. रिजवान उर्फ लुले पुत्र झिनकू निवासी ग्राम वार्ड नंबर 8 चौहट्टा थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। (गौ तस्कर ) 2. मकसूद पुत्र मंजूर उर्फ मुल्ला कुरैशी निवासी वार्ड नंबर 10 कोहरौटी थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। ( गो तस्कर) 3. महफूज पुत्र मंजूर उर्फ मुल्लर कुरैशी निवासी वार्ड नंबर 10 कहरौटी थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। (गो तस्कर) 4. अफसर बद्दार पुत्र हसन अली निवासी वार्ड नंबर 8 चौहट्टा थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। (गो तस्कर) नोट– जिनकी एक बार हिस्ट्रीशीट खुल जाती है वह आजीवन रहती है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारी को अपने अपने थाना क्षेत्र के शातिर अपराधियो के अपराध का विश्लेषण कर उनके कृत्यो पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु हिस्ट्रीशीट खोलने हेतु निर्देशित किया गया।

## 15 सितम्बर को निकलेगी शिव बारात शोभायात्रा

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना) श्री रामलीला मेला समिति मोहल्ला पठकाना, शाहाबाद द्वारा वर्तमान सत्र 85 वें बर्ष की रामलीला कराने की तैयारियां पूर्ण कर लीं गईं हैं। यह जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी ओमदेव



दीक्षित ने बताया कि गुरुवार 15 सितम्बर को सायंकाल समय करीब 8 बजे श्री रामलीला मेला समिति मोहल्ला पठकाना द्वारा सम्पूर्ण तामझाम के साथ बड़ी धूम–धाम से शिव बारात शोभायात्रा नगर पालिका परिषद एवं सरकारी अस्पताल शाहाबाद के निकट से निकाली जाएगी। जो कि हर बर्ष की भाँति इस बर्ष भी अपने निर्धारित रास्तों पर अपनी निर्धारित दूरी तय कर आखिर पुलिस चौकी सरदार गंज के सामने रात्रि करीब 12 बजे पहुंचेगी और वहीं पर सभी बाराती कलाकार अपना अपना तामझाम समेट कर अपने अपने गंतव्य की ओर रवाना हो जाएंगे। मालुम हो कि मोहल्ला पठकाना की रामलीला का उद्घाटन मेला मैदान मंच पर दिनांक 22 सितंबर को सायं करीब 8 बजे होगा।

# मुख्यमंत्री योगी के आदेश के बाद भी अटकी सशस्त्र पुलिस बल व पीएसी जवानों की प्रोन्नति

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री के निर्देश के एक साल बाद भी सशस्त्र पुलिस बल के 1499 जवानों की पदोन्नति अटकी है। इससे जवानों में नाराजगी है। दरअसल, पिछले वर्ष अक्तूबर में मुख्यमंत्री ने नागरिक पुलिस के समान पीएसी व सशस्त्र पुलिस के जवानों को पदोन्नति देने के लिए 3040 आरक्षी व 1489 मुख्य आरक्षी के पदों को समाप्त कर दिया था। इसके बाद सब इंस्पेक्टर के 2999 पदों और इंस्पेक्टर के 45 पदों का सृजन किया था। निर्देश दिए गए थे कि पीएसी व सशस्त्र पुलिस बल के जवानों को नागरिक पुलिस के समान पदोन्नति दी जाए। गृह विभाग ने इस संबंध में 25 अक्तूबर 2021 को आदेश भी जारी कर दिया था। इसके बाद डीजीपी मुख्यालय स्तर पर पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू हुई और 1500 पदों पर प्रोन्नति दे भी दी गई। लेकिन करीब इतने ही पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो पाई है। भ्रम में पुलिस मुख्यालय जवानों की प्रोन्नति अटकने के पीछे सूत्रों का कहना है कि पुलिस




मुख्यालय स्तर पर भ्रम की स्थिति यह पैदा हो गई कि जो पद सृजित हुए हैं वे सभी पदोन्नति से भरे जाएंगे या आधे पदोन्नति से और आधे सीधी भर्ती से। इसी भ्रम को दूर करने के लिए फाइल आगे बढ़ाई गई, लेकिन अब तक फैसला नहीं हो सका है। अब कहा जा रहा है कि कैबिनेट में इससे संबंधित प्रस्ताव लाया जाएगा, जिसके बाद शेष पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# चंदौली में छात्रों के दो गुट भिड़ेः झगड़ा सुलझाने पहुंचे युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ वार : कॉलेज में हड़कंप

चंदौली ब्यूरो : चंदौली जिले के बबुरी स्थित अशोक इंटर कॉलेज के बाहर बुधवार को छात्रों के दो गुट आपस में भिड़ गए। इसी दौरान बीच–बचाव करने गए युवक पर एक छात्र ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई। लहूलुहान युवक को स्थानीय लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया। युवक के शरीर पर कुल 11 चाकू से हमला किया गया है। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बीएचयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। बबुरी पुलिस मामले की जांच में जुटी है। अशोक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले दो छात्रों के बीच पिछले कई दिनों से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। बुधवार को कॉलेज के बाहर दोनों छात्र आपस में मारपीट करने लगे। मारपीट की सूचना पर एक छात्र के चाचा संजय कुमार सुलह समझौता कराने कॉलेज पहुंच गए। तभी दूसरे छात्र गुट ने गुस्से में आकर संजय पर



चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना के बाद कॉलेज के बाहर भगदड़ की स्थिति बन गई। हालांकि स्थानीय लोगों ने घायल को निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया।

# भगवान बनकर आई पुलिस : सड़क किनारे इलाज के लिए तड़पती रही युवती : छापेमारी के डर से डॉक्टरों ने नहीं किया इलाज

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। काशी में अवैध डॉक्टरों व हॉस्पिटलों पर हो रही ताबड़तोड़ छापेमारी से सहमे ग्रामीण क्षेत्रों के डॉक्टरों ने इमरजेंसी केस भी लेने बंद कर दिए। इसी क्रम में बुधवार को सुबह लगभग दस बजे रोहनिया के जमीन बैरवन निवासी दलित बस्ती के ओमप्रकाश राम की पंद्रह वर्षीय पुत्री सुषमा देवी को अचानक उल्टी तथा दस्त और पेट में दर्द होने लगा जिसे लेकर पिता ने कई निजी अस्पतालों के चक्कर काटे। लेकिन छापेमारी की डर से किसी भी डॉक्टर ने इस लाचार दर्द से तड़प रही मरीज का इलाज नहीं किया। जिससे पिता ओमप्रकाश ने ग्रामीणों की मदद से एम्बुलेंस को फोन किया लेकिन एक घंटे इंतजार करने के बाद भी सड़क के किनारे तड़प



रही बेटी के पास एंबुलेंस नहीं पहुंची। तब 112 नंबर पर फोन किया तो तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने हॉस्पिटल में इलाज के लिये भर्ती कराया। सभी लोग पुलिस कि तारीफ कर रहे थे।

# हिंदी को अलग पहचान दिलाने वाली नागरी प्रचारिणी सभा का हाल बेहाल : लड़ रही अस्तित्व की लड़ाई

वाराणसी ब्यूरो : 20 हजार पांडुलिपियां, 50 हजार पुरानी पत्रिकाएं और 1.25 लाख से अधिक ग्रंथों का भंडार। अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह अथाह ज्ञान राशि कितनी अमूल्य होगी और इसे संजोने वाले कितने महान। 12 खंडों में प्रकाशित शब्द सागर, हिंदी विश्वकोष और 16 खंडों में प्रकाशित वृहद इतिहास का ऐतिहासिक महत्व है। हिंदी को शब्दों का अनुशासन और व्याकरण देने वाली संस्था नागरी प्रचारिणी सभा सवा सौ साल के इतिहास में सबसे खराब दौर से गुजर रही है। पदाधिकारियों के चुनाव का मामला लंबित होने के कारण नागरी के पुनरुद्धार का खाका भी तैयार नहीं हो सका है। हिंदी को दुनिया में अलग पहचान दिलाने वाली सभा अब अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। सभा पर स्वामित्व के लिए खींचतान तो हो रही है लेकिन सवा सौ साल से अधिक पुरानी धरोहर को संजोने के बारे में न तो कोई सोच है और न ही कार्ययोजना। हिंदी साहित्य से जुड़े साहित्यकारों को हिंदी के इस गढ़ के खत्म होने का अंदर–अंदर मलाल है। हिंदी की इस थाती के संरक्षण के लिए संस्था के पास पर्याप्त धन नहीं है। मामूली मानदेय पर तैनात कर्मचारी इसकी रखवाली कर रहे हैं। स्वतंत्रता आंदोलन में रहा है नागरी का योगदान साहित्यकार डॉ. इंदीवर पांडेय का कहना है कि खड़ी बोली हिंदी को आकार देने वाली नागरी प्रचारिणी सभा आज बदहाली के दौर से गुजर रही है। इसका स्वतंत्रता आंदोलन में भी बहुत बड़ा योगदान रहा है। सभा ने अभियान चलाकर मठों–मंदिरों व राजाओं के यहां पड़ी पुस्तकों की न केवल खोज की बल्कि इनकी प्रमाणिकता भी सिद्ध की। यह संस्था राष्ट्रीय धरोहर है। सरकार को संरक्षण की पहल करनी चाहिए। मालवीय




जी ने स्थापित किया था हिंदी साहित्य सम्मेलन साहित्यकार डॉ. जितेंद्रनाथ मिश्र का कहना है कि हिंदी की सबसे प्राचीन शोध पत्रिका नागरी प्रचारिणी पत्रिका है। यह सन 1897 से प्रकाशित हो रही है। मालवीय जी ने यहीं हिंदी साहित्य सम्मेलन की स्थापना की। 129 साल पुरानी नागरी प्रचारिणी सभा ने कई झंझावात देखे, स्वतंत्रता आंदोलन की गवाह रही। हिंदी के लिए चलने वाले आंदोलनों को भी इसने अपने आंचल में वट वृक्ष बनाया। वक्त के थपेड़ों ने इस गढ़ को अब जर्जर कर दिया है। हिंदी के उत्थान के लिए हुई थी स्थापना नागरी प्रचारिणी सभा के सहायक मंत्री बृजेश चंद्र पांडेय ने बताया कि हिंदी भाषा के उत्थान व प्रचार के लिए नागरी प्रचारिणी सभा की 1893 में स्थापना हुई थी। क्वींस इंटर कॉलेज के बरामदे में नौवीं कक्षा के छात्र बाबू श्यामसुंदर दास, पं. रामनारायण मिश्र और शिवकुमार सिंह ने इसकी बुनियाद रखी थी। सभा के प्रयत्न से सन् 1900 से उत्तर प्रदेश तत्कालीन संयुक्त प्रदेश में हिंदी के प्रयोग की आज्ञा हुई और सरकारी कर्मचारियों के लिए हिंदी और उर्दू दोनों भाषा अनिवार्य कर दिया गया। हिंदी के लिए काशी में पहला सत्याग्रह नव गीतकार सुरेंद्र वाजपेयी का कहना है कि 1905 में जब कांग्रेस का अधिवेशन हुआ तो इसमें भाषा सम्मेलन भी आयोजित हुआ। प्रचारिणी के प्रांगण में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने घोषणा कर कहा कि हिंदी ही भारत की राष्ट्रभाषा हो सकती है और देवनागरी लिपि वैकल्पिक रूप से भारत की सभी भाषाओं के लिए इस्तेमाल होनी चाहिए। हिंदी के लिए काशी में पहला सत्याग्रह सभा ने ही किया था।

